| |
|---|
| दिनांक 25.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 347/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद आजमगढ़/थाना फूलपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25-25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 जोड़ी चांदी के पायल**
- **लूट के 1577/-रूपये नगद**
- **04 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 24/25.06.2026 की रात्रि थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1-समीर 2-शिवकुमार उर्फ लाला घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 जोड़ी चांदी के पायल, लूट के 1577/-रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद आजमगढ़ से वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25-25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त समीर व शिवकुमार उर्फ लाला के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फूलपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1-समीर निवासी सहजेरपुर थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़।

2–शिवकुमार उर्फ लाला निवासी चकबहार थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 जोड़ी चांदी के पायल।

2–लूट के 1577/–रूपये नगद।

3–04 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

5–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद बहराइच/थाना बौंडी**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 16 हजार 600 रूपये नगद**
- **चोरी की सफेद धातु के आभूषण**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 24/25.06.2026 की रात्रि थाना बौंडी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खैरा बाजार से आगे कुदई मार्ग पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त असलम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 16 हजार 600 रूपये नगद, चोरी की सफेद धातु के आभूषण, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना फखरपुर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बहराइच

के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 29 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बौंडी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असलम निवासी ग्राम सराय मेहराबाद थाना रामगांव जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–चोरी के 16 हजार 600 रूपये नगद।

2–चोरी की सफेद धातु के आभूषण।

3–01 मोबाइल फोन।

4–01 मोटर साइकिल।

5–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद कानपुर देहात/थाना भोगनीपुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 18 हजार 200 रूपये नगद**
- **09 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 25.06.2026 को थाना भोगनीपुर, थाना अकबरपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहम्मदपुर गांव, स्टैण्ड के पास चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्तों 1–चांदबाबू 2–उमर 3–अरवाज उर्फ राजा को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 18 हजार 200 रूपये नगद, 09 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना भोगनीपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त चांदबाबू के विरूद्ध जनपद कानपुर देहात के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट आदि के 18 अभियोग, अभियुक्त उमर व अरवाज उर्फ राजा के विरूद्ध जनपद कानपुर देहात के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07–07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–चांदबाबू निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2–उमर निवासी मलिकपुर थाना जहांनाबाद जनपद फतेहपुर।

3–अरवाज उर्फ राजा निवासी निबियाखेडा थाना सजेंती जनपद कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 18 हजार 200 रूपये नगद।

2–09 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

3–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद सोनभद्र/थाना चोपन

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 72 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **02 कार आदि बरामद**

दिनांक 24.06.2026 को थाना चोपन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चोपन बैरियर के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों

1–मो0जावेद 2–अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 72 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, 02 कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चोपन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0जावेद निवासी ग्राम बरगदी मगठ थाना बक्सी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ।

2–अनुज कुमार निवासी ग्राम टिकरा थाना गुरूबक्शगंज जनपज रायबरेली।

**बरामदगी**

1–लगभग 72 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

3–02 कार आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना ट्रांस यमुना**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 30 लाख रूपये (कीमत) की 350 पेटी अवैध शराब (अंग्रेजी व बीयर)**
- **03 हजार 500 रूपये**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 केन्टर**
- **01 ब्रेजा कार बरामद**

दिनांक 24.06.2026 को थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1–बभूताराम 2–अनिल कुमार 3–जगदीश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 30 लाख रूपये (कीमत) की 350 पेटी अवैध शराब (अंग्रेजी व बीयर), 03 हजार 500 रूपये, 03 मोबाइल फोन, 01 केन्टर, 01 ब्रेजा कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बभूताराम निवासी उत्तरी डेर रेडाना थाना रामसेर जनपद बाडमेर, राजस्थान।
2–अनिल कुमार निवासी ग्राम ग्वाल्डा थाना इसराना जनपद पानीपत, हरियाणा।
3–जगदीश निवासी खलीला प्रहलादपुर थाना समालखां जनपद पानीपत, हरियाणा।

**बरामदगी**

1– लगभग 30 लाख रूपये (कीमत) की 350 पेटी अवैध शराब (अंग्रेजी व बीयर)।
2–03 हजार 500 रूपये।
3–03 मोबाइल फोन।
4–01 केन्टर।
5–01 ब्रेजा कार।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–1**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 62 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 25.06.2026 को थाना फेस–1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर–8 नर्सरी गेट के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–मो0मुजफ्फर अंसारी 2–टिंकू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 62 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–1 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0मुजफ्फर अंसारी निवासी जे0जे0 कॉलोनी सेक्टर–9 थाना फेस–1 कमिश्नरनेट गौतमबुद्धनगर।
2–टिंकू निवासी जे0जे0 कॉलोनी सेक्टर–9 थाना फेस–1 कमिश्नरनेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लगभग 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 62 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा।

- **<u>जनपद कौशाम्बी/थाना मंझनपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 22 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बिहारीलाल को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 22 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————